सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक : एन॰सी॰सी॰ 101/2022 दिनाङ्क : 07 दिसम्बर, 2022

कार्यालय-ज्ञाप

विश्वविद्यालय में एन॰सी॰सी॰ भर्ती 2022 के लिए दिनांक 10.12.2022 से 15.12.2022 तक आनलाइन आवेदन बेवसाइट nccauto.gov.in/enrolment पर आमन्त्रित किए जाते हैं।

नोट- 1. एन॰सी॰सी॰ भर्ती 2022 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राएं पात्र होंगे।

2. आनलाइन आवेदन करने के पश्चात् समस्त प्रपत्रों की एक प्रति दिनांक 10.12.2022 से 15.12.2022 तक कार्यालय दिवस में 11:30 से 01:30 में मध्य एन॰सी॰सी॰ कार्यालय में जमा होगा।

3. एन॰सी॰सी॰ भर्ती 2022 में विश्वविद्यालय परिसर के छात्र/छात्राओं को वरीयता दी जाएगी।

एन॰सी॰सी॰ में नामांकन के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरते समय छात्र-छात्राओं को ध्यान देने वाली बातें

1. एन॰सी॰सी॰ हेतु ऑनलाइन आवेदन से पूर्व निम्नलिखित प्रपत्र (डॉक्यूमेंट) स्कैन करके सॉफ्ट कॉपी में अपलोड करने हेतु तैयार रखें -

   a) नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो

   b) आधार कार्ड

   c) बैंक पासबुक

   d) विश्वविद्यालय में प्रवेश की रसीद या परिचय पत्र

   e) भर्ती का स्वीकृति पत्र

   f) चिकित्सा प्रमाण पत्र

   g) सी॰डब्ल्यू॰एस॰ फार्म

   (एनसीसी भर्ती स्वीकृति पत्र चिकित्सा प्रमाण पत्र एवं सी॰डब्ल्यू॰एस॰ फॉर्म एन॰सी॰सी॰ की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं इन्हें डाउनलोड करके, प्रिंट करके पूरी तरह से भरने के उपरांत स्कैन करके अपलोड किया जाना है)

   उपरोक्त सभी कागजात जेपीईजी इमेज फॉर्मेट में स्कैन होने चाहिए तथा साइज 2 एमबी से कम होना चाहिए।

2. एन॰सी॰सी॰ में ऑनलाइन नामांकन भारत सरकार के एन॰सी॰सी॰ निदेशालय द्वारा दी गई वेबसाइट nccauto.gov.in/enrolment में किया जाना है।

3. उपरोक्त वेवसाइट में जाने पर नामांकन फार्म खुलेगा जिसमें अपना मोवाइल नंबर और ई-मेल आईडी डालने पर ई-मेल पर एक ओटीपी प्राप्त होगा। दिए गए ओटीपी को भरने के उपरांत आगे का फार्म खुलेगा। सभी छात्र यह ध्यान दें कि अपने निजी ई-मेल आईडी से ही नामांकन फार्म भरें, साइबर कैफे या दुकानदार के ई-मेल आईडी से फार्म न भरें क्योंकि एन॰सी॰सी॰ की पंजीकरण संख्या व एन॰सी॰सी॰ प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न प्रकार की सूचनाएं पंजीकृत ई-मेल आईडी पर ही दी जाएंगी।

4. **ऑनलाइन फॉर्म भरते समय सूचना का चयन इस प्रकार करें-**

a) निदेशालय (डायरेक्ट) में- UP

b) बटालियन का नाम - 100UP BN NCC

c) ग्रुप - Varanasi B

d) कैडेट टाइप

JD कक्षा 8 व 9 के छात्रों के लिए,

JW कक्षा 8 व 9 की छात्राओं के लिए

SD कक्षा 11 व डिग्री कॉलेज/विश्वविद्यालय स्नातक प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए

SW कक्षा 11 व डिग्री कॉलेज/विश्वविद्यालय स्नातक प्रथम वर्ष की छात्राओं के लिए

5. NOK (next of kin)- अपने माता या पिता में से किसी एक का नाम लिखना है यदि माता-पिता नहीं हैं तो अभिभावक का नाम लिखना है।

6. NRS- नजदीकी रेलवे स्टेशन का नाम लिखना है।

7. छात्र या छात्रा का नाम आधार कार्ड और बैंक पासबुक में एक समान होना चाहिए अन्यथा फार्म निरस्त हो जाएगा।

8. नाम, पिता का नाम, माता का नाम, पता, मोबाइल नंबर व अन्य भरे गए सभी कॉलम में दी गई सूचना में अंतर होने पर भी फार्म निरस्त हो जाएगा अतः सभी सूचनाएं बेहद सावधानी से भरें।

9. फार्म भरते समय स्कूल / कॉलेज / इंस्टिट्यूशन / विश्वविद्यालय का चुनाव सही से करें और जिस विद्यालय में एन०सी०सी० लेना चाहते हैं उसी विद्यालय का चयन करें अन्यथा फार्म निरस्त हो जाएगा।

डॉ० (सत्येन्द्र कुमार यादव)
एन०सी०सी० अधिकारी
2 प्लाटून 4/100 कम्पनी
सं०सं०वि०वि०, वाराणसी

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3. छात्रकल्याण संकायाध्यक्ष।
4. कमान अधिकारी, 100 यू०पी० बटालियन, एन०सी०सी०, यू०पी० कालेज, वाराणसी।
5. सहायक कुलसचिव (प्रशासन)।
6. आशुलिपिक कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
7. अधीक्षक (प्रशासन)।
8. जनसम्पर्क अधिकारी।
9. समस्त विभागानुभाग।
10. सम्बद्ध पत्रावली।

07.12.22

डॉ० (सत्येन्द्र कुमार यादव)
एन०सी०सी० अधिकारी
2 प्लाटून 4/100 कम्पनी
सं०सं०वि०वि०, वाराणसी